# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.02.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से आज से नौ दिवसीय 'अंडमान निकोबार पुस्तक मेला' आयोजित किया जा रहा है।
- मुंबई में होगा भारत–फ्रांस नवाचार वर्ष–2026 का उद्घाटन–द्वीपों के स्टार्टअप्स और नवोन्मेषी विचारों से नामांकन आमंत्रित।
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के शाखा एम एस एम ई की ओर से आज से 'पीएम विश्वकर्मा प्रदर्शनी–सह–व्यापार मेला' का आयोजन।
- 'पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम' के तहत देश भर में 'पशु औषधि विक्रय केंद्र' खोले जाएंगे।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग, नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली के सहयोग से आज से 22 फरवरी प्रदर्शनी मैदान में नौ दिवसीय 'अंडमान निकोबार पुस्तक मेला' आयोजित कर रहा है। मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार सुबह 10 बजे इस पुस्तक मेले का उद्घाटन करेंगे। इसमें मुख्य भूमि से लगभग 31 प्रकाशकों ने विभिन्न भाषाओं, शैलियों और लेखकों की पुस्तकों के साथ अपने स्टाल लगाए हैं। नेशनल बुक ट्रस्ट सुबह छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन कर रहा है, जबकि शाम को साहित्यिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। आज शाम साढ़े पांच से साढ़े छः बजे तक कर्नल एस. सी. त्यागी के साथ गौरव चौधरी की बातचीत और शाम 6:30 से 7:30 शुद्धसत्व बसु के साथ बातचीत होगी। इस पुस्तक मेले का उद्देश्य द्वीपों के लोगों, विशेषकर युवाओं और छात्रों में पढ़ने के प्रति प्रेम जगाना और साहित्यिक संस्कृति को बढ़ावा देना है। यह मेला प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा।

<><><><><><><>

उद्योग विभाग की ओर से मुंबई में आयोजित होने वाली 'भारत–फ्रांस नवाचार वर्ष' प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए द्वीपों के स्टार्टअप्स और नवोन्मेषी विचारों से नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। फ्रांसीसी गणराज्य के राष्ट्रपति की आगामी भारत यात्रा को देखते हुए 'भारत–फ्रांस नवाचार वर्ष 2026' का उद्घाटन कार्यक्रम 17

फरवरी को मुंबई में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, 'भारत—फ्रांस इनोवेशन फोरम' और स्टार्टअप्स व नवाचारों की एक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। गेटवे ऑफ इंडिया के पास "कंटेनर्स ऑफ इमेजिनेशन" नामक एक इमर्सिव शो का भी आयोजन किया जाएगा। इस सिलसिले में द्वीपसमूह के इच्छुक स्टार्टअप्स और नवाचारकर्ताओं को निर्दिष्ट मानदंडों के अनुसार अपने उत्पादों या विचारों का संक्षिप्त विवरण तैयार करने को कहा गया है। इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी और नामांकन के लिए उद्योग निदेशालय से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला कार्यालय और तहसील कार्यालय, फरारगंज के परिसर में स्थापित दो स्वचालित सुनामी सायरन का परीक्षण किया जाएगा। यह परीक्षण 16 से 18 फरवरी के बीच, सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे के दौरान आवश्यकतानुसार किया जाएगा। जनता से सायरन बजने पर शांत रहने का अनुरोध किया गया है। यह परीक्षण सायरन की सही कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है।

<><><><><><><>

श्री राधा कृष्ण मंदिर, विम्बर्लीगंज में कल महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। इस उत्सव के दौरान दिन—रात पूजा, भजन, हवन, आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। पूजा सुबह चार बजे से रात साढ़े दस बजे तक चलेगा। महाभोग मध्यरात्रि बारह बजकर पन्द्रह मिनट से रखा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने गाराचरमा —आईटीआई— डॉलीगंज मार्ग के सुधार कार्य को मंजूरी दे दी है। यह सड़क, विशेष रूप से गाराचरमा बस्ती से अट्टम पहाड़ तक का हिस्सा, भारी वाणिज्यिक वाहनों की आवाजाही और निर्माण सामग्री के भंडारण गोदामों के कारण काफी जर्जर हो गया है। प्रशासन ने सुरक्षित और सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए इस सड़क के उन्नयन को प्राथमिकता इस सड़क मार्ग के सुधार के लिए 4.50 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस परियोजना का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और क्षेत्र में समग्र यातायात प्रबंधन में सुधार करना है। मौजूदा सड़क की री—सरफेसिंग के साथ—साथ नालियों तथा पुलियों का पुनर्निर्माण किया जाएगा और सड़क की मौजूदा चौड़ाई को 3.6 मीटर से बढ़ाकर 5.50 मीटर किया जाएगा, ताकि यातायात को सुचारू बनाया जा सके।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के शाखा एम एस एम ई –विकास और सुविधा कार्यालय, डॉलीगंज औद्योगिक क्षेत्र की ओर से आज से दो दिवसीय 'पीएम विश्वकर्मा प्रदर्शनी–सह–व्यापार मेला' आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम गर्ल्स स्कूल में सुबह साढ़े दस बजे से रात साढ़े नौ बजे तक आयोजित चलेगा। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य पीएम विश्वकर्मा योजना से जुड़े स्थानीय कारीगरों की प्रतिभा, शिल्प कौशल और पारंपरिक कौशल का प्रदर्शन करना है। पात्र उद्यमियों के लिए मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा हेतु एक विशेष उद्यम पंजीकरण शिविर भी आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जागरूकता कार्यक्रम, खरीदार–विक्रेता बैठक, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, हस्तशिल्प और खाद्य स्टॉल, और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे। इस प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क है।

<><><><><><><>

'पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम' के तहत देश भर में 'पशु औषधि विक्रय केंद्र' खोले जाएंगे। केन्द्र में पशुपालकों को सस्ती और जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण पशु दवाएं उपलब्ध कराना और किसानों के लिए उपचार की लागत को कम करना है। ये केंद्र पंजीकृत प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों और सहकारी समितियों द्वारा खोले जा सकते हैं, जिसके लिए कम से कम 120 वर्ग फुट का स्थान होना अनिवार्य है। इसके तहत एक पंजीकृत फार्मासिस्ट की नियुक्ति, राज्य औषधि नियंत्रण प्राधिकरण से दवा बिक्री का लाइसेंस और प्रत्येक राजस्व ब्लॉक में केवल एक केंद्र की अनुमति होगी, जिसमें अधिक पशुधन वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। इन केंद्रों पर केवल 'फार्मास्युटिकल एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया' द्वारा आपूर्ति की गई दवाएं ही बेची जा सकेंगी। इच्छुक आवेदक 5,000 रुपये शुल्क के साथ DAHD पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पुलिस विभाग की ओर से पुलिस लाइन परिसर में कल कैंपस बर्ड काउंट और ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट के तहत पहली पक्षी गणना की गई। यह गतिविधि पुलिस अधीक्षक नियति मित्तल के मागदर्शन में आयोजित की गई। इस पहल के माध्यम से स्थानीय जैव विविधता और नागरिक विज्ञान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस लाइन्स परिसर को अब आधिकारिक तौर पर eBird हॉटस्पॉट के रूप में पंजीकृत किया गया है। इसके माध्यम से अब यह कॉर्नेल लैब ऑफ ऑर्निथोलॉजी द्वारा प्रबंधित पक्षी अवलोकन के वैश्विक ऑनलाइन डेटाबेस 'eBird' में संरचित डेटा योगदान देगा। इस पंजीकरण से पक्षी प्रजातियों का व्यवस्थित

दस्तावेजीकरण किया जा सकेगा। प्रतिभागियों ने कुल 26 पक्षी प्रजातियों को रिकॉर्ड किया। इस कार्यक्रम के तहत न केवल पारिस्थितिक जागरूकता को बढ़ावा मिला, बल्कि भविष्य की हरित पहलों के लिए "अवलोकन करें, संरक्षण करें और शिक्षित करें।" मानक भी स्थापित किया। इस पक्षी दर्शन और दस्तावेजीकरण अभ्यास में पुलिस कर्मियों, बच्चों और 'अंडमान एवियन क्लब' के एक विशेषज्ञ सहित 55 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

डॉ. भीम राव अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए डिप्लोमा कार्यक्रम के अंतर्गत अंशकालिक प्रशिक्षक की भर्ती की जाएगी। इस पद के लिए साक्षात्कार 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। अधिक जानकारी संस्थान की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

इस बीच, जहाजरानी सेवा निदेशालय में फोरमैन के पद के लिए भर्ती नियम का मसौदा तैयार किया गया है। मसौदा प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। इस संबंध में दावे और आपत्तियां 30 दिनों के भीतर जहाजरानी सेवा निदेशक के पते पर भेजा जा सकता है।

<><><><><><><>